<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>23 सितंबर, 2015</u>

<u>श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जारी बयान :–</u>

अस्पेन, अमेरिका में होने वाली वैश्विक कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी की यात्रा के बारे में भाजपा झूठा और दुर्भावनायुक्त अभियान चला रही है।

कांग्रेस पार्टी ने कल एक लिखित बयान जारी करके स्पष्ट किया था, कि ''कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए अस्पेन, अमेरिका जा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों– सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों से वैश्विक लीडर्स उपस्थित होंगे। हम इस सत्य के अलावा दूसरी सभी अफवाहों को सिरे से खारिज करते हैं।''

इस बयान के बाद किसी के भी मन में लेशमात्र संदेह रह जाने का कोई भी कारण बचा नहीं रह जाता है। इसके बाद यदि कोई संदेह बचता भी है, तो वह केवल भाजपा प्रवक्ताओं के मन में है, जो बिहार चुनावों में होने वाली अप्रत्याशित हार से बचने के लिए झूठे और बचकाने बयान का सहारा ले रहे हैं।

बिहार चुनावों में होने वाली अपनी हार के डर से बौखलाकर भाजपा झूठी अफवाहें फैला रही है। कभी आरएसएस प्रमुख श्री मोहन भागवत् आरक्षण की पुर्नसमीक्षा की बात कर रहे हैं, तो कभी इसके प्रवक्ता सफेद झूठ बोलकर अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

यह कॉन्फ्रेंस, जिसका नाम ''वीकेंड विथ चार्ली रोज़'' है, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त निजी कॉन्फ्रेंस है, जिसका आयोजन मशहूर जर्नलिस्ट श्री चार्ली रोज़ करते हैं। उन्होंने हाल ही में रूस के राष्ट्रपति श्री व्लादिमिर पुतिन का इंटरव्यू भी लिया था।

इस ईवेंट में प्रवेश केवल आमंत्रण के द्वारा ही मिलता है और इस वर्ष इसका आयोजन 24 सितंबर से 28 सितंबर के बीच हो रहा है। इसमें व्यापार, राजनीति, मीडिया, फाईनेंस, टेक्नॉलॉजी, स्पोर्ट्स, विज्ञान, चिकित्सा और कला की दुनिया के चुनिंदा लीडर्स इस वीकेंड पर वैचारिक चर्चा और गतिविधियों के लिए इकट्ठे होंगे।

भाजपा और इसके नेताओं के द्वारा बिहार में श्री राहुल गांधी की कैम्पेनिंग के विषय में झूठी अफवाहों को खारिज करते हुए कांग्रेस पार्टी यह साफ करती है, कि बिहार में पटना से स्वाभिमान रैली और रामनगर, पश्चिम चंपारण से समरसता रैली की बागडोर सम्हालकर महागठबंधन अभियान की शुरुआत श्रीमति सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी ने ही की। भाजपा इस समय अपनी डूबती कश्ती को सम्हाले, क्योंकि बिहार में कांग्रेस के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए श्री राहुल गांधी जल्द ही वहां पहुंच जाएंगे और अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरु होकर नवंबर के पहले सप्ताह तक चलने वाले चुनाव अभियान में प्रचार करके महागठबंधन को जीत की ओर ले जाएंगे।